प्रवेशोत्सव-कार्यक्रम

प्रदेश में आज से नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत "स्कूल चलें हम" अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल, पाठ्य-पुस्तकें और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हर बच्चे तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक विद्यालयों में दी जा रही बेहतर सुविधाओं के कारण प्रदेश के स्कूलों में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ड्रॉपआउट दर भी शून्य पर आ चुकी है।

भोपाल, गुना, रायसेन, जबलपुर सहित अन्य जिलों में भी जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एलपीजी मूल्य वृद्धि

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर तेल विपणन कंपनियों ने महानगरों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 195 रुपये 50 पैसे की वृद्धि की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की खुदरा कीमत अब दिल्ली में 2 हजार 78 रुपये 50 पैसे, कोलकाता में 2 हजार 208 रुपये, मुंबई में 2 हजार 31 रुपये और चेन्नई में 2 हजार 246 रुपये 50 पैसे हो गई हैं। 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की संशोधित कीमत आज से लागू हो गई है। इस बीच, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईंधन की कीमतों में अनिश्चितता के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

जीएसटी-संग्रह

इस वर्ष मार्च में कुल वस्तु और सेवा कर -जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 8 दशमलव 8 प्रतिशत बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में कुल जीएसटी राजस्व एक लाख 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष मार्च में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 40 हजार 549 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53 हजार 268 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक

है।इस बीच, वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी राजस्व बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष के 20 लाख करोड़ रुपये से 8 दशमलव 3 प्रतिशत अधिक है।

न्यूनतम वेतन

प्रदेश के लगभग पचास लाख श्रमिकों के लिए श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, आज एक अप्रैल से नई न्यूनतम वेतन दरें लागू कर दी गई हैं। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में संशोधन किया गया है, जिससे श्रमिकों के मासिक वेतन में औसतन दो सौ चौंतीस रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यह नई दरें न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के तहत अधिसूचित सड़सठ श्रेणियों के श्रमिकों पर प्रभावी होंगी। इसका सीधा लाभ सरकारी विभागों में कार्यरत करीब दस लाख आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र व उद्योगों के लगभग चालीस लाख श्रमिकों को मिलेगा।

राष्ट्रीय कृषि मेला

प्रदेश के किसानों की समृद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आगामी ग्यारह से तेरह अप्रैल तक 'राष्ट्रीय कृषि मेला' का आयोजन किया जा रहा है। रायसेन के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय मेले में उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक कृषि यंत्रों और जैविक खेती के नवाचारों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार 2026

भारतीय मूल की कनाडाई-अमरीकी लेखिका और अनुवादक पद्मा विश्वनाथन को इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार 2026 के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। उन्हें ब्राज़ील की लेखिका एना पाउला माया के उपन्यास 'ऑन अर्थ ऐज़ इट इज़ बिनीथ' के अंग्रेज़ी अनुवाद के लिए यह स्थान मिला है।

मौसम

प्रदेश में अप्रैल का महीना मौसम के बड़े उतार-चढ़ाव के साथ शुरू हो रहा है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, वर्तमान में सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के चलते महीने के पहले सप्ताह में प्रदेश के बड़े हिस्से में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन सहित कुल उनतीस जिलों में अगले चौबीस घंटों के लिए विशेष चेतावनी जारी की गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- शिवपुरी जिले में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत आयोजित बैठक में जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने स्थानीय समितियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए।
- आगरमालवा जिले में विकसित किये गये नवीन दो औद्योगिक क्षैत्रों में जिसमें 175 निवेशकों ने अपनी रूचि दिखाई है।
- नर्मदापुरम जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान में अब तक 7 हजार 760 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है।